गये उन चार कर्मचारियों के संबंध में ब्यौरा क्या है और किन-किन विद्यालयों में तथा किन-किन तिथियों में उनका स्थानान्तरण किया गया;

(ख) क्या उन सभी कर्मचारियों ने उन विद्यालयों में अपना-अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया जिनमें उनका स्थानान्तरण किया गया था तथा किन-किन तिथियों में उन्होंने अपना कार्यभार ग्रहण किया;

(ग) क्या वे लोग उन्हीं विद्यालयों में पदस्थापित हैं जिनमें उनका स्थानान्तरण जांच प्रतिवेदन के आधार पर किया गया था; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और उनकी पदस्थापन के स्थान में किये गये परिवर्तन संबंधी ब्यौरा क्या है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री (श्री मुही राम सैकिया): (क) से (घ) प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के आधार पर स्थानांतरित किए गए चार कर्मचारियों के ब्यौरे निम्नलिखित हैं:—

क्र० सं०	नाम और पदनाम	केन्द्रीय विद्यालय में स्थानान्तरित	स्थानान्तरण आदेश की तारीख	कार्यभार ग्रहण करने की तारीख
1.	श्री एम०एस० शर्मा अधीक्षक	नं० 1 भोपाल	16.4.96	24.6.96
2.	श्री गोपाल कटियाल प्रवर श्रेणी लिपिक	नारनौल	16.4.96	26.10.96 कार्यभार मुक्त
3.	श्री दिनेश सिंह अवर श्रेणी लिपिक संशोधित	पी०एल० मेरठ	16.4.96	—
		मुगलसराय	24.5.96	28.5.96
4.	श्री आजाद सिंह शारीरिक शिक्षा अध्यापक संशोधित	ए०एफ०एस० चांदीनगर	16.4.96	—
		ए०एफ०एस० हिंडन	24.5.96	24.6.96

उड़ीसा में भुखमरी से होने वाली मौतें

3055. **श्री राम जेठमलानी:** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 23 नवम्बर, 1996 के "द हिन्दुस्तान टाइम्स" में "12 स्टार्वेशन डैथ्स इन उड़ीसा अलैप्ड" शीर्षक के अंतर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि उड़ीसा में पिछले कुछ महीनों के दौरान भुखमरी के कारण हुई मौतों के और मामले सामने आये हैं; और

(ग) यदि हां, तो उक्त कारण की वजह से हुई मौतों के विषय में सरकार का आकलन क्या है?

कृषि मंत्री (श्री चतुरानन मिश्र): (क) जी, हां।

(ख) और (ग) उड़ीसा सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार, संबंधित जिलों के जिलाधीशों द्वारा इस संबंध में की गई जांच में भुखमरी के कारण मौत होने के प्रमाण नहीं मिले हैं। तथापि, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से इसके बारे में जांच पड़ताल करने का अनुरोध किया गया है।

स्कूली बच्चों के लिए खाने के बंद पैकेट देने की योजना

3056. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या स्कूली बच्चों को मध्याह्न भोजन के रूप में पका कर खाना प्रदान करने की वर्तमान योजना के स्थान पर भोजन के बंद पैकेट प्रदान करने की योजना स्वीकार कर ली गई है;

(ख) यदि हां, तो यह योजना किन-किन राज्यों में कार्यान्वित की गई है तथा कब से कार्यान्वित की गई है;

(ग) क्या यह सच है कि वर्तमान में भोजन पका